समाचार

वार्ड क्र. 17 एवं 30 में निर्माणाधीन उद्यानों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया महापौर ने

(कार्यो में गति लाने, गुणवत्ता के साथ कार्य करने एवं समयसीमा में कार्यो को पूरा करने के दिए निर्देश)

कोरबा 29 दिसम्बर 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा एवं वार्ड क्र. 30 मानिकपुर में निर्माणाधीन उद्यानों के निर्माण कार्य का जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने प्रगतिरत कार्यो में आवश्यक गति लाने, कार्य संपादन के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने एवं समयसीमा में कार्यो को पूरा करने के निर्देश निगम के अभियंताओं व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा राजस्व व आपदा प्रबंधन के तहत अधोसंरचना मद से स्वीकृत किए गए उक्त दोनों उद्यानों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा में 50 लाख रूपये की लागत से तथा वार्ड क्र. 30 मानिकपुर में 25 लाख रूपये की लागत से उद्यानों का निर्माण कार्य किया जाना हैं, इन उद्यानों में आमनागरिकों के लिए विविध सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, उद्यानों में पाथवे का निर्माण, ओपनजिम आदि की व्यवस्था तथा बच्चों के लिए खेलकूद के अन्य उपकरण उपलब्ध होंगे। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने उक्त दोनों निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने कहा कि पथर्रीपारा एवं मानिकपुर में बस्तीवासियों की इच्छा एवं उद्यान की आवश्यकता को देखते हुए प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने इन दोनों उद्यानों के निर्माण हेतु राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के तहत अधोसंरचना मद से स्वीकृति दी है तथा उद्यानों के निर्माण का कार्य निगम द्वारा कराया जा रहा है। महापौर श्री प्रसाद ने अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि दोनों उद्यानों में अन्य आवश्यक सुविधाओं के साथ–साथ एक्युप्रेशर पाथवे का निर्माण अनिवार्य रूप से कराएं ताकि आमनागरिकों के मार्निंग व इवनिंग वाक के लिए एक्युप्रेशर से युक्त पाथवे की सुविधा प्राप्त हो सके। वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा में निर्माणाधीन उद्यान के निरीक्षण के दौरान महापौर श्री प्रसाद ने उद्यान की बाउण्ड्रीवाल के ऊपर कटीले तार की फेंसिंग भी किए जाने के निर्देश दिए ताकि उद्यान के अंदर उपलब्ध कराए जाने वाले उपकरण व सुविधाएं सुरक्षित रह सकें। उन्होने निगम के संबंधित अभियंताओं एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य के दौरान कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें, कार्य में आवश्यक गति लाएं तथा समयसीमा में कार्य को पूरा करें ताकि उद्यान की इस महत्वपूर्ण सुविधा का लाभ आमजन शीघ्र से शीघ्र प्राप्त हो सके।

भ्रमण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, फूलचंद सोनवानी, पूर्व नेताप्रतिपक्ष मुकेश राठौर, पूर्व एम.आई.सी.सदस्य सीताराम चौहान, निगम के कार्यपालन अभियंता आर.के.चौबे, मूलचंद आजाद आदि के साथ निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।